सार-समाचार

जुआ खेलते 14 डिटेन, नकदी जब्त

बांसवाड़ा, (निसं)।पुलिस थाना राजतालाब ने खाटवाडा क्षेत्र में मुखबीर की सूचना पर एक मकान में ताश के पत्तों पर जुआ खेलने वाले 14 लोगों को डिटेन कर 54 हजार 800 रुपये जब्त किये हैं। थानाधिकारी रामरुप मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के निर्देशानुसार शहर में अवैध रुप से जुआ-सट्टा खेलने वालों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि मोईनुद्दीन उर्फ बापु निवासी गौरख ईमली के खाटवाडा स्थित मकान में दस-पन्द्रह लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना विश्वसीय होने पर थानाधिकारी जाप्ते के साथ जिसमें हेड कांस्टेबल, नेपाल सिंह, हेड कांस्टेबल विशाल सिंह, कांस्टेबल कृष्णपाल सिंह, योगेन्द्र सिंह, इन्द्रजीत सिंह, शंकरलाल, शैलेन्द्र सिंह, जयवर्धन सिंह, जयंतीलाल, महिला कांस्टेबल रोहिणी, डिम्पल, चालक कांस्टेबल गोविन्द तथा डीएसटी जाप्ते के हैड कांस्टेबल रमेश, आबिद खान, कांस्टेबल महेन्द्र, बदेसिंह, नरेश व किशनलाल ने बीती रात लगभग तीन बजे मकान को घेरकर दरवाजा खुलवाया तो 13 लोग ताश के पत्तों पर रुपये का दाव लगाकर जुआ खेलते मिले। पुलिस ने ताश के पत्ते एवं 54 हजार 8०० रुपये जब्त किये तथा 13 आरोपियों तथा मकान मालिक के विरुद्ध कार्यवाही की। अग्रीम जांच सहायक उपनिरीक्षक नटवरलाल कर रहे हैं।

डोडा चूरा व शराब सहित चालक पकड़ा

डूंगरपुर, (निसं)। अवैध शराब और मादक पदार्थ डोडा चुरा तस्करी के खिलाफ बिछीवाडा थाना पुलिस की बडी कार्यवाही की। ट्रक ट्रेलर में भरकर 3 लाख का डोडा चूरा और 50 हजार की अंग्रेजी शराब के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना अधिकारी बिछीवाडा ने बताया कि सोमवार शाम को गुजरात चुनाव के मद्देनजर गुजरात सीमा पर स्थित रतनपुर चौकी पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान एक ट्रक ट्रेलर को रोक चालक से ट्रेलर में सामान के बारे में पूछताछ की मुखबीर सूचना के अनुसार इसी ट्रक ट्रेलर से भारी मात्रा में मादक पदार्थ और अंग्रेजी शराब तस्करी की जाने की सूचना होने पर ट्रक ट्रेलर की गहनता से तलाशी ली गई जिसमें ट्रेलर में सफेद पाउडर से भरे कट्टे नजर आए और उन कट्टों को हटाकर देखा तो उसके नीचे अंग्रेजी शराब से भरी बोतलों के 6 कार्टून नजर आए साथ काले और सफेद कट्टो में डोडा चुरा भरा पाया गया। चालक से मौके पर पूछताछ में चालक ने अपना नाम मंगलाराम नाई निवासी सदर थाना जिला बाडमेर होना बताया। पुलिस ने 14० किलो डोडा चुरा और 6 कार्टून अंग्रेजी शराब कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है।

जिला कलेक्टर ने की समीक्षा

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कलक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री ने मंगलवार को मिशन बुलंदी, पढेंगा डूंगरपुर. बोलेगा डूंगरपुर-बढेगा डूंगरपुर, नवाचार प्रोजेक्ट की ईडीपी सभागार में शिक्षा विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने पूर्व प्रोजेक्ट में नव समायोजन करते हुए पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस नवाचार का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पढने के प्रति जिज्ञासाए अभिव्यक्ति कौशल विकास, विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति का विकास के साथ-साथ सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहां कि वर्तमान समय में बच्चों में पुस्तकों को पढने की प्रवृत्ति कम होती जा रही हैए बच्चों में जिज्ञासु प्रवृत्ति उत्पन्न हो इसके लिए आवश्यक है कि वह अपनी रुचि की पुस्तकें अधिक से अधिक पढें। साथ ही उस ज्ञानार्जन का विश्लेषण करने तथा उसको अभिव्यक्त करने का कौशल भी विकसित होना आवश्यक है। ऐसे में मिशन बुलंदी को आधार बनाकर बच्चों के विकास के लिए इस नवाचार को पूरी टीम के साथ ऊर्जा और सकारात्मकता से क्रियान्वयन किया जाएगा।

होमगार्ड स्थापना दिवस मनाया

डूंगरपुर, (निसं)। होमगॉर्ड स्थापना दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र, डूंगरपुर स्थापना दिवस बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया समादेष्टा राजेंद्र कुमार जांगिड ने झंडा फहराया गया। सलामी ली और प्लाटून द्वारा सलामी दी गई। तत्पश्चात समादेष्टा द्वारा राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, गृहमंत्री एवँ अन्य का पत्र वाचन किया। महिला-पुरुष सदस्यों द्वारा पारम्परिक वेशभूषा मे रंगा रंग प्रस्तुति प्रदर्शित की। पारम्परिक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। पारम्परिक वेशभूषा की प्रतियोगिता रखी गई। सबसे भिन्न वेशभूषा में शंकरलाल को प्रशंसा पत्र दियाए रक्त दाताओं को भी प्रशंसा पत्र दिया गया। कानून व्यवस्था ड्यूटी में दीपक शर्मा, सादेकिन जमान को प्रशंसा पत्र दिया गया। टर्न आउट में गोपालसिंह, श्रीमती मीना एवं श्रीमती सरला को भी प्रशंसा पत्र दिया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर कार्यालय द्वारा अल्पाहार वितरित किया गया। ललितसिंह द्वारा स्वैच्छा से अपनी ओर से भी अल्पाहार वितरित किया। पीसी रणछोड लाल कटारा द्वारा आभार प्रकट किया एवं राहुल कलासुआ द्वारा धन्यवाद दिया।

शिविर में 21 यूनिट रक्तदान

डूंगरपुर, (निसं)। लॉयन्स क्लब डूंगरपुर एवं एचडीएफसी बैंक ने संयोजन में जनरल हॉस्पीटल, डूंगरपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 21 यूनिट रक्तदान हुआ। यह कार्यक्रम ब्लड बैंक से डॉ. वंदना सिंगल व डॉ. प्रतीक मीणा की देखरेख में किया गया। जिसमें लॉयन्स क्लब से विवेक दोशी, दीपक जैन, रोशन दोशी, सिद्धार्थ मेहता, डॉ. कल्पेश जैन, अभिषेक पंचाल आदि सदस्य एवं एचडीएफसी बैंक से दीपक वसीटा, पुष्पेंद्र सिंह झाला, जीतेंद्र पटेल, प्रकाश यादव वह टीम उपस्थित रहे।

अनियंत्रित ट्रैक्ट्र-ट्रॉली पलटी, 34 जने घायल

कानोड़/उदयपुर (निसं)। खेड़ी के पास अनियंत्रित होकर टैक्ट्र ट्रॉली पलटी खा गया जिसमें सवार होकर सामाजिक कार्यक्रम भाग लेने जा रहे महिला पुरुष, बच्चे व बुजुर्ग 34 जने घायल हो गये। 7 गम्भीर घायलों का उदयपुर रेफर किया गया तो वहीं अन्य 27 घायलों का कानोड़ सीएचसी में उपचार किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घोड़ो का खेड़ा निवासी सभी

■ **कानोड़ के निकट खेड़ी चौराहा के पास हुआ हादसा**

लोग खाना खेड़ा बलीचा में एक सामाजिक कार्यकम में शामिल होने के लिये रवाना हुए थे जो की आकोला ग्राम पचायत के खेड़ी गांव के पास सड़क पर टैक्ट्र अनियंत्रित होकर पलटी खा गया जिससे उसमें सवार महिला पुरुष,बच्चे व बुजुर्ग घायल हो गये घटना की सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल लक्ष्मण लाल मय जाब्ता पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को कानोड़ सीएचसी में 108 व निजी वाहनों से लाया गया जहां पर चिकित्सा टीम ने उपचार किया गया। सात घायलों को उदयपुर रेफर किया गया तथा अन्य घायलो का कानोड़ सीएचसी में उपचार हुआ। वहीं कानोड़ पुलिस ने टैक्ट्र ट्रॉली को मौके से कानोड थाने लाया गया तथा डाईवर मौके से घटना के बाद फरार हो गया।घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार योगेष वैष्णव, डिप्टी रविन्द्र प्रताप सिंह, भीण्डर थानाधिकारी मुकेश कुमार सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थन का जायजा लेकर सीएचसी में घायलों से मिले तथा रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारीयो को भेजी गई जिससे घायलो को आर्थिक सहायता मिल सके। उदयपुर जिला कलेक्टर ने भी चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को घायलों का जल्द इलाज करने तथा उदयपुर रेफर हुए घायलों के उपचार के लिये जिला मुख्यालय पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

घायलों का कानोड़ सीएचसी में उपचार किया गया।

एसडीआरएफ जवानों को मिला जल पुलिस का अनूठा अनुभव

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में आयोजित हो रहे जी-20 शेरपा सम्मेलन में एस.डी.आर.एफ. राजस्थान की रेस्क्यू टीमें देश-विदेश के गणमान्य अतिविशिष्ट व्यक्तियों एवं शेरपाओं के पिछोला झील स्थित होटलों में आयोजित विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय बौद्धिक कार्यक्रमों के दौरान वी.वी.आई.पी. सिक्यूरिटी को ध्यान में रखते हुए आकस्मिक आपदा राहत एवं बचाव कार्या हेतु कम्पनी कमाण्डर राकेश कुमार के नेतृत्व में मुस्तैदी से 8-8 घंटे की तीन-तीन पारियों में डयूटी दे रही है।

एस.डी.आर.एफ. की इन रेस्क्यू टीमों को पहली बार इनके सामान्य कार्य आपदा राहत एवं बचाव के साथ-साथ राज्य की जल पुलिस के रूप में भी अभिनव अनुभव हो रहा है। एस.डी. आर. एफ. डिप्टी कमाण्डेन्ट गणपति महावर (प्रशासन एवं रेस्क्यू ऑपरेशन) के अनुसार प्रत्येक रेस्क्यू टीम में 1 हैड कानि. प्रभारी तथा शेष 8 कानि. गण में 2 बोट चालक, 2 डीप डाईवर (गोताखोर) तथा 4 रेस्क्युअर तैराक जवानों को शामिल किया गया है।

रेस्क्यू बोट के अंदर आवश्यक उपकरण जैसे लाईफबॉय, लाईफ जेकेट, हेलमेट, दूरबीन, डीप डाइविंग सेट, वायरलेस सेट, ड्रेगन लाईट तथा रेस्क्यू बोट रिपेयरिंग किट आदि उपकरणों को रखा गया है। एस.डी.आर.एफ. राजस्थान का गठन देश की एन.डी.आर.एफ. तथा उतराखंड की एस.डी.आर.एफ. बटालियन की तर्ज पर मुख्यमंत्री की बजट घोषणांतर्गत वर्ष 2013 में राजस्थान पुलिस के एक महत्वपूर्ण दक्ष एवं प्रशिक्षित बल के रूप में प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं से निपटने हेतु किया गया है।

एसडीआरएफ के जवानों को राजस्थान पुलिस के सामान्य कानि के आधारभूत प्रशिक्षण के अतिरिक्त देश के विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण संस्थानों एवं अर्ध सैनिक बलों जैसे आई.टी.बी.पी. सी.आर.पी.एफ. बी.एस.एफ. एवं देश के समुद्रतटीय राज्यों पंश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र एवं गुजरात राज्य के द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों से विशिष्ट आपदा राहत एवं बचाव प्रशिक्षण प्रदान कराये जाते है।

मेले में आकर्षक प्रस्तुतियां दी

कपासन, (निसं)। सरपंच संघ की ओर से ग्राम पंचायत दोवनी में विकास कार्यों में पंचायत समिति से पूर्ण सहयोग करवाया जाएगा उक्त विचार सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने मेले में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में व्यक्त किए। ग्राम पंचायत दोवनी में वानरमूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में आयोजित मेले के दूसरे दिन रंगारंग आर्केस्टा पंकज यादव एंड हरियाणा पार्टी ने आकर्षक गानों की अपनी प्रस्तुतियां दी, जिसपर दर्शक झूम उठे। दोवनी में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी थे। अध्यक्षता ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओम प्रकाश रायपुरिया ने की विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति विकास अधिकारी, कार्यक्रम प्रबंधक विष्णु कुमार,संतोष हेल्थ सुपरवाइजर, कनिष्ठ लिपिक देशबंधु जोशी आदि थे।

विद्यालय का निरीक्षण किया

डूंगरपुर, (निसं)। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डूंगरपुर भेमजी खांट ने मंगलवार को राउमावि चक महुडी का निरीक्षण किया। सीबीईओ खांट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहें। उन्होंने कहा कि जीवन मे सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है अपितु कडी मेहनत एवं पक्के इरादों से ही इसे प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने संस्कारों के संवहन पर भी जोर दिया एवं छात्रों को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व उन्होंने अतिरिक्त कक्षाओं का अवलोकन एवं विद्यालय का निरक्षण किया तथा स्टाफ बैठक में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्ति के लिए शिक्षकों को संबलन दिया। प्रारंभ में संस्था प्रधान कुसुमलता जैन ने स्वागत किया। प्रथम सहायक राजकुमार खराडी ने विद्यालय गतिविधियों की जानकारी दी। संचालन ऋतिका कोठारी ने किया एवं आभार वीरेंद्र सिंह बेडसा ने जताया। इस अवसर पर चंदनसिंह राजावत, प्रकाशचंद्र आमलिया सहित शिक्षक उपस्थित थे।

नियमित कर्मचारी का दर्जा दिलाने की मांग

डूंगरपुर, (निसं)। भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र ब्लॉक झौथरी का सम्मेलन देवीलाल डामोर, जसोदा रोत, जसोदा परमार, कन्या रोत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। ब्लॉक सम्मेलन की शुरुआत सीटू के ध्वजारोहण ब्लॉक अध्यक्ष जसोदा रोत ने किया।

ब्लॉक सम्मेलन में मुख्य वक्ता विमल भगोरा ने कहां कि वर्तमान की केन्द्र सरकार ने 44 वे श्रम कानून को निरस्त कर, चार लेबर कोड लागू करना चाहती है, श्रमिक संगठनों को कमजोर किया है। देश भर के मजदूर आन्दोलन के कारण लागू नही कर पाई। केन्द्र सरकार मजदूर आन्दोलन को कमजोर करने के लिए विभाजनकारी नीतियो को बढावा दे रही है,वो मजदूर एकता को साम्प्रदायिक, जातिगत नीतियो से कमजोर कर रही है। सम्मेलन को देवीलाल डामोर, सीटू जिला सचिव भीमचंद कोटेड, आदिवासी नेता गंगाराम आमलिया, किसान नेता शंकर अहारी, रामलाल कलासुआ आदि ने संबोधित किया। इसके पश्चात सर्वसम्मति से 17 सदस्यों की ब्लॉक कमेटी का चुनाव हुआ, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल डामोर, उपाध्यक्ष जसोदा रोत,पूंजी लाल डामोर, अनिता रोत, महासचिव बंशीलाल खराडी, संयुक्त सचिव मंजू आमलिया, कन्या रोत, कोषाध्यक्ष अरूणा गमेती, संगठन सचिव गीता पलात, प्रचार सचिव जसोदा परमार, सदस्य कमला सीमलवाडा गीता कटारा, चम्पा डामोर आदि चुने गये।

भारतीय ट्रेड यूनियन केन्द्र ब्लॉक झौथरी के सम्मेलन को देवीलाल डामोर ने सम्बोधित किया।

सार-समाचार

आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का आयोजन

देवगढ़, (निसं)। भीम उपखंड क्षेत्र अंतर्गत ठाम पंचायत मंडावर में आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का आयोजन सरपंच प्यारी कुमारी चौहान के सानिध्य में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर किया गया।मेले में पांच पंचायत क्षेत्र कुशलपुरा, बरार, ठिकरवास, हामेला की वेर व मंडावर के 110 रोगियों का पंजीयन किया गया। जिसमें बीपी शुगर के 52, परिवार नियोजन के 6, टीबी सैंपल के 2 सहित कई रोगियों की जांच की गई। सरपंच प्यारी कुमारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिए ठामीणों को संचार के विभिन्न माध्यमों से संपर्क में रहना चाहिए जिससे आमजन तक सीधी जानकारी मिल सके। सरकार आमजन के स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य आवश्यकताओं के प्रति प्रतिबद्ध हैं। स्वस्थ्य तन में स्वस्थ्य मन का निवास होता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य कल्याण केंद्र से भारती , सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अशोक सिंह, सुनील बडोला, आंगनवाड़ी कर्मी लक्ष्मी देवी, प्रेमलता, हेमलता, शायर, मंजू व अनुराधा, ग्राम विकास अधिकारी भगवान सहाय मीना, पटवारी भैरुलाल मीना, कृषि पर्यवेक्षक अशोक खींची, वार्डपंच चुन्ना सिंह,गिरिराज सिंह, नेत सिंह, राजेंद्र सिंह, मेघ सिंह आदि उपस्थित थे।

डोडियार बने प्रदेश उपाध्यक्ष

बांसवाड़ा, (निसं)। भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश पटेल ने अरविंद डोडियार को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। ग्राम पंचायत माकोद के ग्रामीणों ने ढोल बाजो के साथ डोडियार का स्वागत किया। इस अवसर पर डोडियार ने यूनियन के सभी प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए किसानों को आर्थिक व शैक्षणिक योग्यता में वृद्धि करके बदलते हुये जमाने के साथ कदम से कदम मिला के चलने का आव्हान किया। डोडियार ने कहा कि जनजाति क्षेत्र में पढाई व रोजगार की दिशा बदलनी होगी। वर्तमान में चिकित्सा और टेक्नोलॉजी की पढाई में बेहतर भविष्य की संभावना ज्यादा है इसलिये युवाओं को मान्यता प्राप्त संस्थान से योग्यता व रूची के अनुरूप कोर्स का चयन करना चाहिये। उन्होंने किसानो ओर ग्रामीणों को ऑर्गेनिक खेती का महत्व बताया व इसके दैनिक प्रयोग के लाभ बताये। खेमराज डोडियार ने कहा कि समाज सभी को अपना फर्ज ईमानदारी से निभाया जाय तो आने वाली हर मुश्किल से आसानी से विजय प्राप्त की जा सकती है। सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व वार्ड पंच शंभू लाल डोडियार ने अरविन्द डोडियार का स्वागत करते हुये कहा कि युवा देश की आवाज है तो देश व समाज के विकास के लिये युवाओं को महत्वता को समझना होगा। सभा मे नाथी देवी, खेमराज डोडियार, कमल डोडियार, लाल, पूर्व सरपंच वनिता देवी, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

मदन पथिक विहार का उद्घाटन आज

राजसमंद, (निसं)। मदन मुनि महाराज की प्रथम पुण्य तिथि पर घोडाघाटी में गुरुवार को नवनिर्मित मदन पथिक विहार धाम का उद्घाटन संतों के सान्निध्य में किया जाएगा। पथिक विहार महामंत्री लक्ष्मीलाल बडाला, कोषाध्यक्ष नेमीचंद धाकड ने बताया कि महाश्रमण प्रवर्तक मदन मुनि महाराज की प्रथम स्मृति दिवस पर गुरुवार को श्रमणसंघ के महामंत्री सौभाग्य मुनि महाराज के शिष्य उपप्रवर्तक कोमल मुनि महाराज नव दीक्षित हर्षित मुनि एवं उपप्रवर्तक विनय मुनि श्वागीश, उपप्रवर्तक गौतम मुनि आदि ठाणा, पंडित रितेश मुनि तथा उप प्रवर्तिनी विजयप्रभा विध्या आदि संत-साध्वी मंडल एवं सैंकडों श्रावक-श्राविकाओं की नवनिर्मित मदन पथिक विहार का महाश्रमण मदन मुनि की प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित गुणगान समारोह के आयोजन के साथ लाभार्थी परिवारों व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी एवं विधानसभा प्रतिपक्ष नेता गुलाबचन्द कटारिया की मौजूदगी में किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने जी-20 बैठक में लिया भाग

बांसवाड़ा, (निसं)। बीआईएचएम के प्रशिक्षणार्थियों ने उदयपुर में आयोजित जी-20 बैठक में भाग लिया। प्रशिक्षणार्थियों को ओडीसी प्रशिक्षण द्वारा इसके लिये चयनित किया गया। यह बांसवाडा का पहला कॉलेज है जिसके प्रशिक्षणार्थी जी-20शेरपा मीट में सपोर्ट सर्विस के रुप में मदद कर रहे हैं। जनजाति क्षेत्र के लिये यह गौरव की बात है कि जी-20 शेरपा मीट में इस जनजाति क्षेत्र के विद्यार्थी भाग लेते हुए विश्व पटल पर क्षेत्र का नाम ला रहे हैं। कार्यक्रम में भारत के साथ कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, फ्रांस, जर्मनी आदि के प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं जिससे बांसवाडा का नाम पर्यटन क्षेत्र में जुडता जा रहा है। बीआईएचएम के निदेशक डॉ. प्रियंका कटारा एवं हिमांशु कटारा ने बताया कि इस मीट में भाग लेने वाले जिले के विद्यार्थियों में रोहत गुप्ता, अर्जुन टेलर, प्रकार अहारी, विक्रमदास, नारायण भील, सुनी प्रितम पंड्या आदि शामिल हैं।

जन आक्रोश रैली गामडी अहाडा पहुंची

डूंगरपुर, (निसं)। जन आक्रोश यात्रा विधानसभा डूंगरपुर के गंगेश्वर मंडल के भुवनेश्वर से रवाना होकर कनबा, संचिया, नवल श्याम, करौली, ओडा बडा, भेहणा, जेलाना, रातापानी होते हुए गामडी अहाडा पहुंची जहां रात्रि विश्राम होगा। कांग्रेस के इन 4 सालों के राज में लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है वर्तमान परिस्थितियों में लूटपाट पत्थरबाजी एबिजली की कटौती एबिजली के बिलों में भारी बढोतरी, महिला अत्याचार एबेरोजगारों के साथ में अन्याय एसंविदा कर्मियों को स्थाई नहीं करना, आंगनवाडी कर्मियों के साथ अन्याय जैसे ज्वलंत मुद्दों पर जनता में भारी आक्रोश है। बैठक में जिला महामंत्री धनपाल जैन, पूर्व जिला प्रमुख माधवलाल वरहात, मंडल अध्यक्ष धर्मवीरसिंह चौहान ललित जोशी, परेश गमेती, बालशंकर मनात सरपंच करौली,हितेश, गौतम साद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

सरपंच की सतर्कता ने अजगर से बचाई एक परिवार की जान

राजसमंद,(निसं)। पसुन्द ग्राम पंचायत स्थित खेतों की भागल में एक परिवार के घर में करीब 7 फीट लम्बा अजगर घुस गया। जिस पर घर में मौजूद महिला व उनके बच्चे डर से परेशान होने लगे। घर में अजगर घुस आने की सूचना मिलते ही सरपंच अयन जोशी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग से वनपाल नैनाराम, वन्यजीव प्रेमी नवीन गहलोत पीपरडा, होमगार्ड कमलेश कीर, घनश्याम पूर्बिया व मदन बैरवा मय टीम मौके पर पहुंचे। जहां सरपंच जोशी ने उन्हें स्थिति से अवगत करवाया।

वन्यजीव प्रेमी नवीन गहलोत ने अजगर का मूंह पकडकर उसे काबू में कर लिया। उसके बाद टीम की मदद से उसे एक बोरी में डालकर वन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। जहां से अजगर को पुनः सुरक्षित जगह जंगल में छोडा गया। सरपंच जोशी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ग्रामवासियों को हर स्थिति में उनके साथ मौजूद रहने का वादा किया। परिवार ने सरपंच जोशी को धन्यवाद दिया। इसके बाद तासोल रोड पर स्थित एक मार्बल फैक्ट्री में पैंथर पाए जाने की सूचना मिलने पर वनविभाग की टीम के साथ सरपंच जोशी मौके पर पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों के साथ मौका मुआयना कर पैंथर को पकडने की प्रक्रिया शुरू करने का निवेदन किया। जिस पर वन विभाग अधिकारियों ने हर संभव मदद करने का कहा। जोशी ने जनप्रतिनिधि के अपने दायित्व साबित करते रहते हैं।

राजसमंद के पसूंद के खेतों की भागल स्थित घर में घुसे अजगर को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया।

दो स्वर्ण व 2 कांस्य पदक जीते

राजसमंद, (निसं)। हाल ही बिकानेर सम्पन्न हुई राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशीप में दो गोल्ड व दो कांस्य कुल 4 मेडल राजसमंद के वेट लिफ्टरों ने अपने नाम किए। टीम प्रशिक्षक सुरेश चरनाल ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गणपत गुर्जर ने 12० किग्रा. वर्ग में 51० किग्रा. वनज उठाकर गोल्ड मेडल जीता। 84 किग्रा. वर्ग में हर्षी बोल्या ने 315 किग्रा. वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता।

अपूर्वा सनाढ्य ने 72 किग्रा वर्ग में 2०० किग्रा. वेट लिफ्टिंग कर कांस्य पदक जीता व दिव्यांशी कुमावत ने 57 किग्रा. वर्ग में 19० किग्रा. वेट लिफ्टिंग कर कांस्य पदक जीता। सभी विजेता खिलाडियों के राजसमंद आने पर जिला शिक्षा अधिकारी बालमुकुन्द एवं जिला पॉवर लिफ्टिंग संघ अध्यक्ष भगवत सिंह गुर्जर की ओर से उपरना ओढाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शारीरिक शिक्षक मुकेश पालीवाल जवाहर चौधरी, ओमप्रकाश कलोसिया, राजेश गुर्जर, मुकेश कुमावत, हरिभगवान कुमावत, मनीष गुर्जर, दल प्रभारी बिशन शर्मा, शंकर ठाकुर, विमला सालवी, आशीश पालीवाल सहित वरिष्ठ नागरिक एवं टीम प्रशिक्षक सुरेश चरनाल मौजूद थे।

डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों पर चलने का लिया संकल्प

राजसमंद, (निसं)। डॉ. भीमराव अंबेडकर का नाम देश में अग्रणी स्थान पर है। उनके किए गए को हम सभी को हमेशा याद रखना चाहिए एवं उनके आदर्शों को हम सभी को आत्मसात करना चाहिए। यह विचार भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ ने भीमराव अम्बेडकर के 67वें निर्वाण दिवस पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से जिला मुख्यालय के 1०० फीट रोड स्थित अम्बेडकर सर्कल पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम के दौरान अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किए।

इस दौरान पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, भाजपा उपाध्यक्ष अशोक रांका, नगर मंडल अध्यक्ष सुभाष पालीवाल, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष जवाहरलाल जाट, महिला मोर्चा जिला महामंत्री विशाखा तिवारी, नगर मंडल महामंत्री राजकुमार अग्रवाल, लक्ष्मण मौर्य, अनिल खटीक, युवा मोर्चा जिला महामंत्री ललित खींची, युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष आकाश सहलोत, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जगदीशचंद्र पहाडिया, नगर मंडल अध्यक्ष नारायणलाल रैगर, पार्षद उत्तम खिंची, मेवालाल खटीक, अशोक खटीक आदि मौजूद थे।भीमराव अम्बेडकर के 67वें निर्वाण दिवस पर जिला मुख्यालय सौ फीट रोड स्थित अम्बेडकर सर्कल पर कई लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर मौन रख डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। अतिथि के रूप में भीम सेना जिलाध्यक्ष ईश्वर पहाडिया और पूर्व जिला प्रभारी प्रिंस कमालिया, लक्ष्मण सांवरिया मौजूद थे। भीम सेना के कार्यकर्ताओं ने सौ फीट रोड अम्बेडकर सर्कल स्थित अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर के 67वें निर्वाण दिवस पर पर पुष्पांजलि अर्पित की।